कॉन/आइआरसी/SE/104/Vol.-VII/ दिनांक : 30.05.2025

**Sub:** **<u>Intimation for publication of newspapers advertisement in respect of Notice of Postal Ballot and E-voting.</u>**

Please find enclosed the copies of the Newspaper Publication, of Notice to Shareholders for dispatch of Postal Ballot Notice and e-Voting facility offered to the Shareholders for voting on the Ordinary Resolution proposed in the Postal Ballot Notice, published in the newspapers on 30.05.2025 in 'The Indian Express and Financial Express' in English language and in 'Jansatta' in Hindi language in all India edition.

This is for your information and record.

धन्यवाद।

कॉनकॉर
CONCOR

भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड
**CONTAINER CORPORATION OF INDIA LTD.**
(भारत सरकार का नवरत्न उपक्रम) (A Navratna Undertaking of Govt. of India)
(CIN : L63011DL1988GOI030915)
Regd. Office & Investors Relation Centre : CONCOR Bhawan, C-3, Mathura Road, Opp. Apollo Hospital, New Delhi-110 076
Ph.: 91-11-41222500/600, Email: investorrelations@concorindia.com, Website: www.concorindia.co.in

## NOTICE TO SHAREHOLDERS

NOTICE is hereby given that, in compliance with the provisions of Section 108 and 110 and other applicable provisions of the Companies Act, 2013, if any, read with the Rule 20 and 22 of Companies (Management and Administration) Rules, 2014 and applicable provisions of Securities and Exchange Board of India (Issue of Capital and Disclosure Requirements) Regulations, 2018 and Regulation 44 of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, read with General Circular Number 9/2024 dated September 19, 2024 , issued by the Ministry of Corporate Affairs, in continuation of the circulars issued in this regard and subject to any other applicable laws, Rules and Regulations including any Statutory Modification or re-enactment thereof for the time being in force. Container Corporation of India Limited ("the Company") has dispatched the Notice of Postal Ballot along with explanatory Statement on 28.05.2025 through Electronic Mode to the Shareholders whose email addresses were registered with the Company's Registrar and Share Transfer Agent, M/s Beetal Financial & Computer Services Pvt. Ltd., (RTA) as on 23.05.2025 (cut-off date) for seeking the consent of shareholders on the below proposal through Postal Ballot, only by way of e-Voting process:

| Item No. | Type of Resolution | Particulars |
|---|---|---|
| 1 | Ordinary | Issue of Bonus Shares |

In compliance to the MCA circulars, Physical Copy of the Postal Ballot notice along with Postal Ballot forms and pre-paid business envelops are not being sent to the shareholders for the Postal Ballot.

E-voting: The Company is providing the facility to the shareholders to exercise the right to vote by electronic means only and the business set out in the Notice of Postal Ballot shall be transacted through e-voting services provided by National Securities Depository Limited (NSDL). The e-Voting facility will be available during the following period:

| |
|---|
| **Commencement of e-voting : Saturday, 31.05.2025 (09:00 AM IST)** |
| **Conclusion of e-voting : Sunday, 29.06.2025 (05:00 PM IST)** |

The e-voting service will be disabled by NSDL on conclusion of e-Voting period and Shareholders will not be allowed to vote beyond said date and time. The voting rights of Shareholders shall be in proportion to the shares held by them in the paid up equity share capital of the Company as on the Cut-off date. The shareholders whose names appear on the register of Members/list of beneficial ownership on cut-off date shall only be entitled to vote using e-Voting facility. A person who is not a shareholder of the company as on Cut-Off date may treat this notice for information only.

In accordance with SEBI (ICDR) Regulations, the new equity shares to be allotted pursuant to the bonus issue shall be allotted in dematerialised form only and shall be credited to the respective demat account. In view of the same, Shareholders holding the shares in physical mode are requested to dematerialise their shares or the Shareholders whose demat account is not operational due to various reasons are requested to activate the demat account. The said requirements are required to be completed on or before the record date as may be determined by the board for this purpose which shall be announced separately on the Stock Exchanges.

Non-dematerialisation of physical shares or de-activation of demat account would result in bonus shares being credited to Demat Suspense Escrow Account of the Company wherein the voting rights on such Bonus equity shares would remain frozen. Members can contact the Company's RTA for assistance in this regard.

The Board of Directors has appointed Mr. Rakesh Kumar, Practicing Company Secretary (UIN: 07AOOPK4384D1ZR), to act as the Scrutinizer for conducting the Postal Ballot through e-Voting process in a fair and transparent manner.

Detailed instructions for e-Voting are provided in the postal ballot notice.

The results of e-Voting by means of postal ballot along with the Scrutinizer's Report would be displayed on the notice board of the company at its registered office and shall also be uploaded on CONCOR's website (www.concorindia.co.in) and on the website of NSDL (www.evoting.nsdl.com) and the same shall be intimated to the Stock Exchanges within two working days of the conclusion of e-voting.

For any grievances/queries/clarification(s) relating to e-Voting Shareholders are requested to contact Shri Puneet Mittal, M/s Beetal Financial & Computer Services Pvt. Ltd., Registrar and Share Transfer Agent (RTA) at telephone No. 011-29961281-83, Fax 011-29961284, e-mail: concor@beetalfinancial.com or write to the RTA at Beetal House, 3rd Floor, 99, Madangir, behind LSC, New Delhi - 110 062.

**By order of the Board**
**for CONTAINER CORPORATION OF INDIA LTD.**
**sd/-**
**(Harish Chandra)**
**Pr. ED (Finance) & CS & CFO**

**Date: 29.05.2025**
**Place: New Delhi**

कॉनकॉर
CONCOR

# भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड
# CONTAINER CORPORATION OF INDIA LTD.

(भारत सरकार का नवरत्न उपक्रम) (A Navratna Undertaking of Govt. of India)
(सीआईएन : L63011DL1988GOI030915)
पंजीकृत कार्यालय एवं निवेशक संबंध केंद्र : कॉनकॉर भवन, सी-3, मथुरा रोड, अपोलो अस्पताल के सामने, नई दिल्ली-110076
फोन: 91-11-41222500/600, ईमेल: investorrelations@concorindia.com, वेबसाइट: www.concorindia.co.in

## शेयरधारकों के लिए सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 और 110 के प्रावधानों और अन्य लागू प्रावधानों, यदि कोई हो, के साथ पठित कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 और 22 और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (पूंजी का निर्गम और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2018 के लागू प्रावधानों और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 44 के साथ पठित कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी सामान्य परिपत्र संख्या 9/2024 दिनांक 19 सितंबर, 2024, इस संबंध में जारी परिपत्रों के क्रम में और किसी भी अन्य लागू कानूनों, नियमों और विनियमों के अधीन, जिनमें वर्तमान में लागू कोई वैधानिक संशोधन या पुनः अधिनियमन शामिल है, के अनुपालन में भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड ("कंपनी") ने उन शेयरधारकों को इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से 28.05.2025 को व्याख्यात्मक विवरण के साथ डाक मतपत्र सूचना भेजी है जिनके ई–मेल पते 23.05.2025 (कट ऑफ तिथि) तक कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट, मैसर्स बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज प्रा. लि. (आरटीए) के पास पंजीकृत थे, ताकि डाक मतपत्र के माध्यम से नीचे दिए गए प्रस्ताव पर केवल ई–वोटिंग प्रक्रिया के द्वारा शेयरधारकों की सहमति प्राप्त की जा सके:–

| मद सं. | प्रस्ताव का प्रकार | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | सामान्य | बोनस शेयर जारी करना |

एमसीए परिपत्रों के अनुपालन में, डाक मतपत्र के लिए शेयरधारकों को डाक मतपत्र सूचना की भौतिक प्रति, डाक मतपत्र फॉर्म और प्री–पेड बिजनैस लिफाफे नहीं भेजे जा रहे हैं।

ई–वोटिंग: कंपनी शेयरधारकों को केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से वोट के अधिकार का प्रयोग करने की सुविधा प्रदान कर रही है और डाक मतपत्र सूचना में निर्धारित व्यवसाय नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) द्वारा प्रदान की गई ई–वोटिंग सुविधा के माध्यम से किया जाएगा। ई–वोटिंग सुविधा निम्नलिखित अवधि के दौरान उपलब्ध होगी:

| |
|---|
| **ई–वोटिंग प्रारंभ : शनिवार, 31.05.2025 (प्रातः 09:00 बजे भारतीय समय अनुसार)** |
| **ई–वोटिंग समाप्त : रविवार, 29.06.2025 (सायं 05:00 बजे भारतीय समय अनुसार)** |

ई–वोटिंग अवधि समाप्त होने पर एनएसडीएल द्वारा ई–वोटिंग सेवा को निष्क्रिय कर दिया जाएगा और शेयरधारकों को उक्त तिथि और समय के बाद मतदान करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। शेयरधारकों के मतदान अधिकार कट–ऑफ तिथि पर कंपनी की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी में उनके द्वारा रखे गए शेयरों के अनुपात में होंगे। जिन शेयरधारकों के नाम कट–ऑफ तिथि पर सदस्यों के रजिस्टर/लाभकारी स्वामित्व की सूची में दिखाई देते हैं वे केवल ई–वोटिंग सुविधा का उपयोग करके मतदान करने के हकदार होंगे। एक व्यक्ति जो कट–ऑफ तिथि पर कंपनी का शेयरधारक नहीं है, वह इस सूचना को केवल जानकारी के लिए मान सकता है।

सेबी (आईसीडीआर) विनियमों के अनुसार बोनस इश्यू के अनुसरण में आवंटित किए जाने वाले नए इक्विटी शेयर केवल डिमेटिरियलाइज्ड रूप में आवंटित किए जाएंगे तथा संबंधित डीमैट खाते में जमा किए जाएंगे। इसके मद्देनजर, भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपने शेयरों को डिमेटिरियलाइज्ड रूप में परिवर्तित कर लें अथवा जिन शेयरधारकों का डीमैट खाता विभिन्न कारणों से चालू नहीं है उनसे अनुरोध है कि वे डीमैट खाते को सक्रिय कर लें। उक्त आवश्यकताओं को बोर्ड द्वारा इस प्रयोजन के लिए निर्धारित रिकार्ड तिथि को या उससे पहले पूरा किया जाना अपेक्षित है, जिसकी घोषणा स्टॉक एक्सचेंजों पर अलग से की जाएगी।

भौतिक शेयरों का नॉन–डिमेटिरियलाइजेशन या डीमैट खाते को निष्क्रिय करने के परिणामस्वरूप बोनस शेयर कंपनी के डीमैट सस्पेंस एस्क्रो एकाउंट में जमा हो जाएंगे जिसमें ऐसे बोनस इक्विटी शेयरों पर वोटिंग अधिकार यथावत रहेगा। सदस्य इस संबंध में सहायता के लिए कंपनी के आरटीए से संपर्क कर सकते हैं।

निदेशक मंडल ने श्री राकेश कुमार, प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरी (यूआईएनः 07AOOPK4384D1ZR) को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से ई–वोटिंग प्रक्रिया के माध्यम से डाक मतपत्र के संचालन के लिए जांचकर्ता के रूप में कार्य करने के लिए नियुक्त किया है।

ई–वोटिंग के लिए विस्तृत निर्देश डाक मतपत्र सूचना में दिए गए हैं।

ई–वोटिंग के समापन के दो कार्य दिवसों के भीतर जांचकर्ता की रिपोर्ट के साथ डाक मतपत्र के माध्यम से ई–वोटिंग के परिणाम कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित किए जाएंगे और कॉनकॉर की वेबसाइट (www.concorindia.co.in) तथा एनएसडीएल की वेबसाइट (www.evoting.nsdl.com) पर भी अपलोड किए जाएंगे और स्टॉक एक्सचेंजों को इसकी सूचना दी जाएगी।

ई–वोटिंग से संबंधित किसी भी शिकायत/प्रश्न/स्पष्टीकरण के लिए शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे श्री पुनीत मित्तल, मैसर्स बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज प्रा .लि., रजिस्ट्रार एंड शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) से टेलीफोन नं. 011–29961281–83, फैक्स 011–29961284, ई–मेल: concor@beetalfinancial.com पर संपर्क करें या आरटीए को बीटल हाउस, तीसरी मंजिल, 99, मदनगीर, एलएससी के पीछे, नई दिल्ली–110 062 को लिखें।

**निदेशक मंडल के आदेशानुसार**
**कृते भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड**
**हस्ता./–**
**(हरीश चन्द्रा)**
**प्रधान कार्यकारी निदेशक (वित्त) एवं सीएस एवं सीएफओ**

**तिथि: 29.05.2025**
**स्थान: नई दिल्ली**